# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी।

## हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 1-15, 2018)

संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 01.09.2018 से दिनांक 15.09.2018 तक किया गया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित आयोजन किये गए-

1. **हिन्दी पखवाड़ा का उदघाटन :**
संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 1-15, 2018) के अंतर्गत दिनांक 01.09.2018 को एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में हिन्दी पखवाड़ा के उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन संस्थान के निदेशक महोदय आचार्य प्रमोद कुमार जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त कुलसचिव ने वर्ष 2017-18 के दौरान हिन्दी में किए गये कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा संस्थान कर्मचारियों को कार्यालयी कार्य अधिकाधिक हिन्दी में करने हेतु अपील जारी की गई। साथ ही श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, वाराणसी द्वारा प्रतिभागियों को संघ की राजभाषा नीति एवं उसके कार्यान्वयन के बारे में बताया गया।

2. **"तकनीकी शिक्षा में राजभाषा हिन्दी का योगदान एवं चुनौतियाँ" विषय पर निबंध प्रतियोगिता:**

**दिनांक 01.09.2018 से 08.09.2018** के मध्य "तकनीकी शिक्षा में राजभाषा हिन्दी का योगदान एवं चुनौतियाँ" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन निम्नलिखित चार वर्गों में किया गया :

क) पूर्व छात्र
ख) शैक्षणिक
ग) गैर-शैक्षणिक
घ) विद्यार्थी

पूर्व छात्र के लिए निबंध प्रतियोगिता हेतु अधिष्ठाता (पूर्व छात्र), शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिये प्रतियोगिता हेतु समस्त विभाग व अनुभाग तथा विद्यार्थियों के लिए अधिष्ठाता (छात्र कार्य) से अनुरोध किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 1 शैक्षणिक एवं 11 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के निबंध प्राप्त हुए।

3. **हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी:**

**दिनांक 04.09.2018** को संस्थान के मुख्य पुस्तकालय में हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी साबित हुई।

4. **हिन्दी टिप्पण लेखन एवं पत्राचार प्रतियोगिता:**

**दिनांक 06.09.2018** को हिन्दी टिप्पण लेखन एवं पत्राचार प्रतियोगिता का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया, जिसमें कुल 31 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

5. **यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता:**

**दिनांक 10.09.2018** को संस्थान के प्रथम वर्ष संगणक प्रयोगशाला, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग में यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 20 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

6. **हिन्दी दिवस समारोह:**

**दिनांक 14.09.2018** को संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पं0 मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं अध्यक्ष, हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों एवं सहभागियों का स्वागत किया।

कुलसचिव महोदय ने हिन्दी पखवाड़ा की अवधि में संस्थान में दिनांक 01.09.2018 से 14.09.2018 के मध्य आयोजित कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं की आख्या प्रस्तुत की।

तत्पश्चात आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव ने माननीय गृह मंत्री जी का हिन्दी दिवस के अवसर पर जारी संदेश का पाठन किया।

इसके बाद आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने विश्व स्तर पर हिन्दी के बढ़ते प्रयोग एवं प्रत्येक क्षेत्र में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

**पुरस्कार वितरण**

कार्यवाहक निदेशक महोदय ने दिनांक 01.09.2018 से दिनांक 10.09.2018 के मध्य आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय निम्नलिखित विजेता कर्मचारियों को पुरस्कृत किया :

- दिनांक 06.09.2018 को आयोजित हिन्दी टिप्पण लेखन एवं पत्राचार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त श्री प्रदीप कुमार धनवडे, कनिष्ठ सहायक, स्थापना अनुभाग, द्वितीय स्थान प्राप्त श्री आदर्श कुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक, निदेशक के निजी सचिव अनुभाग  एवं तृतीय स्थान प्राप्त श्री संदीप प्रजापति, कनिष्ठ सहायक, निदेशक के निजी सचिव अनुभाग को पुरस्कृत किया गया।

- दिनांक 10.09.2018 को आयोजित यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त श्री अजीत कुमार यादव, कनिष्ठ सहायक, सामान्य प्रशासन अनुभाग, द्वितीय स्थान प्राप्त श्री संदीप प्रजापति, कनिष्ठ सहायक, निदेशक के निजी सचिव अनुभाग एवं तृतीय स्थान प्राप्त श्री अंकित जैन, कनिष्ठ सहायक, संस्थान निर्माण विभाग को पुरस्कृत किया गया।

- दिनांक 01.09.2018 से दिनांक 08.09.2018 के मध्य आयोजित “तकनीकी शिक्षा में राजभाषा हिन्दी का योगदान एवं चुनौतियाँ” विषय पर निबंध प्रतियोगिता के गैर-शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त श्री सिद्धार्थ कुमार गुप्ता, कनिष्ठ सहायक, छात्रवृत्ति अनुभाग, द्वितीय स्थान प्राप्त श्री राजेश प्रसाद, कनिष्ठ सहायक, संस्थान निर्माण विभाग एवं तृतीय स्थान प्राप्त श्री अंकित कुमार जैन, कनिष्ठ सहायक, संस्थान निर्माण विभाग व श्री गौरव कुमार, कनिष्ठ सहायक, सामान्य प्रशासन अनुभाग को पुरस्कृत किया गया।
- संस्थान में वर्ष 2017 के दौरान हिन्दी में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को भी उक्त अवसर पर पुरस्कृत किया गया। हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु श्री राजेश प्रसाद, कनिष्ठ सहायक, संस्थान निर्माण विभाग एवं हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु सुश्री आरती गुप्ता, कनिष्ठ अधीक्षक, सामान्य प्रशासन अनुभाग व श्री शिशिर कुमार, कनिष्ठ सहायक, अनुसंधान एवं विकास को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के कार्यवाहक निदेशक महोदय ने अपना संबोधन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने कर्मचारियों को अधिकाधिक हिन्दी में कार्य करने की अपील की।

हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर अतिथि वक्ता प्रो0 अवधेश प्रधान, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा हिन्दी भाषा पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि भाषा केवल साहित्यकारों, कवियों एवं नाटककारों के हाथों में आकार नहीं लेता बल्कि भाषा का विकास आम जनता के कारण होता हैं जिनके द्वारा यह बोला जाता है। भाषा का निर्माता एवं उत्तराधिकारी आम जनता है। भारत में अभी भी 250 से अधिक भाषाएँ हैं। देश में लगभग आधी जनता द्वारा हिन्दी बोली एवं समझी जाती है। दयानन्द सरस्वती, सुभाष चन्द्र बोस आदि महापुरुष अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपने विचार अधिक से अधिक हिन्दी में ही व्यक्त करते थे।

उन्होंने यह भी बताया कि हिन्दी में शोध कार्य एवं इंटरनेट पर हिन्दी में किसी विषय की उपलब्धता अभी भी कम है। तकनीकी संस्थानों द्वारा हिन्दी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके द्वारा हिन्दी के क्षेत्र में कार्य करने से हिन्दी का और अधिक विकास होगा।

कार्यक्रम का समापन संस्थान के संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) श्री राजन श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।